
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 साजा के नवागांव कला में 2.26 करोड़ की लागत...

10 जलस्तर गिरने से धान की फसल पर संकट...


## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

आचार्य तरुण शास्त्री ज्योतिषाचार्य के नेतृत्व में चल रहा है श्रीशत चण्डी महायज्ञ

# दुर्गाष्टमी पर हवन आज जड़ी बूटियों की देंगे आहूतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेमेतरा जिले के ग्राम हसदा के सिद्ध पीठ भूमिफोड़ मां महामाया देवी के दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूरी हो जाती है। जहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शत चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आचार्य तरूण शास्त्री जी ज्योतिषाचार्य के नेतृत्व में काशी वृंदावन से वैदिक आचार्यों की उपस्थिति में यज्ञ किया जा



रहा है। प्रतिदिन मां गंगा मैया के तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के अध्यक्ष भगवती परगनिहा के माध्यम से सचिव दिनेश वर्मा ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 201 ज्योति प्रज्वलित किया गया है। प्रतिदिवस माता का जस गीत यज्ञ में हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे है। क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है। इस महाष्टमी के अवसर पर विशेष जड़ी बूटियों से हवन किया जाएगा। साथ ही महाप्रसाद भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। माँ महामाया मंदिर समिति समस्त सदस्यों के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



### कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से ली जानकारी, दी हिदायत

# कस्टम मिलिंग में कोताही, राइस मिल संचालकों और अधिकारियों की कलेक्टर ने ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खबर का असर

धान के उठाव के बावजूद क्षमता के अनुसार चावल जमा न कर कस्टम मिलिंग में रईस संचालकों द्वारा कोताही बरते ओर धान में करोड़ों का खेल के साथ ही चावल देने में मिलरों की रूचि नहीं पर शुक्रवार हरिभूमि में प्रकाशित समाचार का असर दिखाई दिया।

मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर रणवीर शर्मा ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को कार्यालय तलब कर कस्टम मिलिंग की जहां संपूर्ण जानकारी मांगी वही पांच माह में 70 प्रतिशत की जगह मात्र 8 फीसदी चावल जमा होने पर जमकर नाराजगी जताई। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भौतिक सत्यापन करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों दिया। सूत्रों के मुताबिक हरिभूमि की खबर ओर कलेक्टर के सख्त रुख से संबंधित विभागीय अधिकारियों साथ साथ मिलरों में शुक्रवार हड़प्पा मचा रहा। जानकारों के अनुसार मिलरों इस बात का भी भय है कि अगर वास्तविक में कड़ाई से भौतिक सत्यापन जिला प्रशासन करेंगी तो उठाव के हिसाब से मौजूदा समय में राइस मिल में स्टॉक नहीं मिलेगा। बहरहाल प्रदेश के अन्य जिले में शासन के निर्देश पर किए जा रहे भौतिक सत्यापन की तरह बेमेतरा जिले में भौतिक सत्यापन ईमानदारी पूर्वक किया जाता है तो करोड़ों रुपए धान की अफरातफरी सामने आ सकती है।

**खास बातें**

- बेमेतरा में सिर्फ 8 फीसदी चावल कस्टम मिलिंग में जमा होने पर जताई नाराजगी, भौतिक सत्यापन का दिया निर्देश
- उठाव के हिसाब से मिलरों को जमा करना था 21 लाख 57 हजार क्विंटल चावल, लेकिन सिर्फ 4 लाख 42 हजार क्विंटल चावल हुआ जमा


गड़बड़ी : जिले में 32 लाख 20 हजार क्विंटल धान का किया गया है उठाव

मिलिंग में करोड़ों का खेल, मिलर्स ने अब तक केवल 8 फीसदी चावल जमा कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मिलर्स ने अब तक मात्र 4 लाख 42 हजार क्विंटल जमा कराया

भौतिक सत्यापन नहीं होने से मनमानी

### प्रशासन की निगरानी

गौरतलब हो कि जिला प्रशासन की निगरानी में कस्टम मिलिंग हो रही है। लेकिन इस साल प्रशासन की नजर मिलिंग में नहीं होने से मिलर प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। मानिटरिंग नही होने से जमकर सरकारी धान की अफरा-तफरी की जानकारी सामने आ रही है । धान खरीदी की शुरुवात पांच महीने पूर्व शुरू हुई थी ओर समाप्त हुए दो माह बीत गए है। लेकिन मिलरों ने जितना धान उठाया है, उसके मुताबिक चावल ही जमा नहीं किए है। जो आंकड़ा उभर कर सामने आया है उसमें बेमेतरा जिले में धान का उठाव 32 लाख 20 हजार क्विंटल किया गया जिस पर 21 लाख 57 हजार क्विंटल जमा करने की मांग है परंतु मात्र 4 लाख 42 हजार क्विंटल जमा किया गया है । इस तरह जिले के मिलरों ने जितना धान उठाया है, उसके मुताबिक सिर्फ आठ फीसदी चावल जमा हो सका हैं । बता दें कि मिलरों को प्रति क्विंटल धान के पीछे 67 किलो चावल जमा करना होता है।

# नदी-तालाबों के पानी की पंप से अवैध निकासी, जल संकट गहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समूचे जिलेभर में जहां सभी तरह के जलस्त्रोत सूखने एवं जलस्तर गिरने के कारण जिलेवासियों के बीच भीषण जलसंकट पैदा हो रहा है। वही इसी बीच नदी-नहर व तालाबो में अवैध रूप से मोटर पम्पों के सहारे पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसका ताजा नजारा ग्राम मोहभट्ठा सहित आसपास के क्षेत्रों में गर्मी के इस दौर में ज़लि की लाइफलाइन माने जाने वाली शिवनाथ में देखने को मिल रहा है।

शिवनाथ नदी में विभाग की अनदेखी के कारण सैकड़ों की तादाद में मोटर पंप के माध्यम से बड़ी मात्रा में जल को अपने निजी उपयोग में लिया जा रहा है। जिसके लिए सिंचाई व जलसंसाधन विभाग से अनुमति व सहमति भी नही लिया जा रहा है। लिहाजा आलम यह है कि ज़लि की सदाबहार शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार गिरते हुए सिमटने लगा है। जबकि उसकी सहायक सुरही, हाफ, लोर व अन्य नदियां अपना अस्तित्व की संकट से जूझ रही है, जो कि बड़ा चिंता का विषय है।

फिलहाल शिवनाथ नदी में जहां कही पर भी पानी अवशेष है वहां पर अवैध रूप ▶▶| शेष पेज 11 पर

- जलस्त्रोत सूखने एवं जलस्तर गिरने से भीषण जलसंकट के आसार



## खबर संक्षेप



### 30 जून तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**दुर्ग।** जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में आये उस तिथि तक) की अवधि के लिए दुर्ग जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। शासकीय/ अर्धशासकीय/ नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला दुर्ग के संपूर्ण नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग होंगे।

### चबूतरा जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन

**भिलाई।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड 12 एवं 13 में स्थित धार्मिक आस्था का केन्द्र भगवान बजरंगबली एवं भगवान भोलेनाथ के चबुतरा का जीर्णोंद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के निधि से होगा। लेबर केम्प के रहवासियों एवं श्रद्धालुओं के आग्रह पर चैत नवरात्र के अवसर पर आम लोगों की धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए नपा अध्यक्ष ठाकुर ने उक्त कार्य के लिए भूमिपूजन किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे लेबर कैम्प सहित अन्य वार्डों के निवासियों द्वारा वहां पर स्थापित भगवान हनुमान एवं शिव के चबुतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का मांग किया था। जिसके लिए वे स्वयं के अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया था जो कि सभी प्रशासकीय प्रक्रिया के बाद वहां के श्रद्धालुगणों के साथ भूमिपूजन किया गया और गुरुवार को जामुल में जो भी कार्य संपादित हो रहे हैं यह सभी भगवान की कृपा एवं आम जनता के सहयोग से ही हो रहा है क्योंकि ऊपर वाले की कृपा बिना कुछ भी संभव नहीं।

---

### किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, कर्ज पटाने की भी बढ़ी चिंता

# जलस्तर गिरने से धान की फसल पर संकट, किसान खेतों में छोड़ रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

*रबि सीजन में इस बार किसानों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जलस्तर गिरने से बोरवेल्स से जहां खेतों में सिंचाई कार्य ठप हो गया हैं, वहीं हताश किसान अब फसल को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं। इस बार मार्च माह में जिले में बीस मीटर तक जलस्तर नीचे चला गया है।*

इससे न सिर्फ गांव में हैंडपंप बल्कि सिंचाई वाले बोरवेल्स से भी पानी आना बंद हो गया हैं। रबि फसल के लिए किसानों ने जनवरी माह में ही खेती कार्य शुरू कर दी थी। मार्च माह में फसल के बीच में जलस्तर गिरने से किसान परेशान है। जानकारी अनुसार धमधा ब्लाक में इस तरह की ज्यादा शिकायते सामने आ रही हैं। ग्राम परसुली के किसान गणेश पटेल ने बताया कि उन्होने इस बार तीन एकड में धान की फसल लगाई थी। लेकिन बोर से पानी आना बंद हो गया है। इसी तरह अरसनारा के किसान टंकेश वर्मा ने बताया कि बोरवेल्स के बंद होने से साढे चार एकड में फसल सूख गया है। ऐसे में दोनो किसानों ने फसल को मवेशियों के हवाले कर दिया हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग जिलो में बालोद के तांदुला, खरखरा से मुख्यतौर पर निस्तारी के लिए पानी छोडा जाता है। विभाग के अफसरों ने बताया कि, जलाशय में तीस फीसदी पानी पहले ही रिजर्व किया जाता है।

**समोदा के किसानों ने खेतों में छोड़े मवेशी**





#### ढाई सौ फीट में पानी नहीं

ननकट्टी के किसान रबि ताम्रकार ने बताया कि, उन्होने दस एकड में धान की फसल लगाई हैं। तीन बोरवेल्स से सिंचाई का पानी आना बंद हो गया हैं। उन्होने बताया कि, ढाई सौ फीट में भी पानी नही मिल रहा हैं। ऐसे में उनके सामने फसल को बचाने चुनौती हो गया हैं। बहरहाल लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। धमधा में स्थिति ज्यादा खराब है।

#### पहली बार बिगड़े हालात

इस बार रबि सीजन में जलस्तर गिरने का असर जिलेभर में सामने आने लगा हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, हर साल मई माह में सिंचाई की समस्या होती थी। लेकिन इस बार मार्च माह में ही जलस्तर गिरने से फसल पर संकट मंडराने लगा हैं। यही कारण है कि, किसान फसल को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं।

#### जलाशय भी सूखे

बोरवेल्स के सूखने के बाद किसान जलाशयों से भी पानी छोडने की मांग नही कर पा रहे है। जल संसाधन विभाग के ईई आशुतोष सारस्वत ने बताया कि, जलाशयों के पानी को निस्तारी के लिए ही उपयोग करने के निर्देश है। वैसे भी जिले में जलाशयों में पानी स्टोर बेहद कम है। जिसके चलते सिंचाई के लिए पानी नही छोड जा सकता हैं।

#### जलाशयों में जल भराव की स्थिति

| | |
|---|---|
| तांदुला टैंक | 38.60% |
| गोंदली टैंक- | 52.21% |
| खरखरा टैंक- | 33.27% |
| खपरी जलाशय- | 40.66% |
| मरौदा टैंक- | 33.30% |

---

### आबकारी विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

# 40 से अधिक शराब दुकानों में अहाते की होगी नीलामी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वित्तिय वर्ष के नए सत्र में शराब प्रेमियों को आहता की सुविधा देने के लिए आबकारी विभाग द्वारा नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आगामी 11 अप्रैल तक आहतों की नीलामी के लिए आवेदन मांगे गए है। जानकारी अनुसार पिछले साल चालीस से अधिक देशी व विदेशी शराब दुकानों में आहतों की नीलामी की गई थी। ठेके की अवधि विगत 31 मार्च 2024 को पूरी हो गई है। ठेके की अवधि पूरी होने के बाद आबकारी विभाग ने नए सिरे से आनलाइन टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सीआर साहू ने बताया कि, इस बार भी पिछले साल किए गए टेंडर के अनुसार ही मापदंड निर्धारित किए गए हैं।

- जिलेभर में नए सिरे से जारी होगी आहतों की नीलामी की प्रक्रिया

जानकारी अनुसार आहते के लिए टेंडर में भाग लेने वाले निविदाकारों द्वारा जितनी बोली लगाई जाएगी, उतनी राशि का पांच फीसदी राशि विभाग के समक्ष जमा करना होगा।

#### बेसरेट निर्धारित किए जाएंगे

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, जिले में संचालित हो रहे सभी देशी और विदेशी दुकानों की नीलामी के लिए बेसरेट निर्धारित किए जाएंगे। इससे बढकर बोली लगाने वालों को ही आहते का आबंटन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि, आगामी 11 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जिसके बाद टेंडर खोली जाएगी।

---

### जलसंरक्षण पर संभागायुक्त ने की मैराथन बैठक

# सरकारी आवासों में गृह प्रवेश को प्राथमिकता दें: सत्यनारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने गुरुवार को संभाग स्तर पर नगर पालिक निगमों की समीक्षा बैठक की, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समीक्षा में ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सिटी डेवलपमेंट प्लान जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन के संदर्भ में श्री राठौर ने जल की बढ़ती खपत और जल स्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जलाशयों और कुओं में पानी इकट्ठा करने की प्रणाली स्थापित करने की बात की ताकि जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक जल उपयोगकर्ताओं को पानी बचाने के लिए जागरूक करने का महत्व बताया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राठौर ने अपूर्ण और पूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्माणाधीन आवासों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन आवासों में गृह प्रवेश को भी प्राथमिकता देने की बात की जो पहले ही पूर्ण हो चुके हैं।

- सरकारी योजनाओं की समीक्षा की

### विकास कार्यों के लिए 14.62 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विस निर्वाचन क्षेत्र वैशाली नगर विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 14 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर के लिए विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर के जुनवानी खम्हरिया भाठा बौली तालाब के पास तथा फौजी नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 20 के लोकांगन परिसर में 3 नग वाटर कूलर विथ आरो के लिए 3 लाख 50 हजार तथा जैन श्वेताम्बर शांतिनगर के सामने सबमर्सिबल पंप सहित 01 नग बोर खनन हेतु 1 लाख 12 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हड़ताल से चरमराई बिजली व्यवस्था, सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





महापौर अलका बाघमार एवं विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि ईईएसएल के कर्मचारी हड़ताल में होने के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था वर्तमान में ज्यादा प्रभावित हुई है। इसकी गम्भीरता को समझते हुए विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए महापौर और विभाग के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने आयुक्त से बात कर जल्दी से जल्दी इसका निराकरण करने के लिए नियमानुसार कलेक्टर दर पर या ठेके पर जिसमे जल्दी से कार्य पूर्ण हो, कुछ समय के लिए कर्मचारी विद्युत सडक बत्ती व्यवस्था हेतु नियुक्त करवाने आदेशित किया। एजेंसी को निरस्त करने शासन को पत्र जारी कर विभाग को मेंटेनेंस कार्य के अनुमति मांगी जा रही है। जिससे बंद लाइट का मरमत जल्द से जल्द किया जा सके। आगामी समय पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था हेतु तैयारी करने के भी निर्देश दिए गए। प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने कहा पुरानी गाड़ियों की नीलामी हेतु नियमानुसार प्रक्रिया करने के निर्देश दिया। वाहन शाखा के समस्त कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जो वाहन शाखा के में पदस्थ है और दूसरे विभागों में भी कार्यरत हैं।

- विद्युत, यांत्रिकी अग्निशमन विभाग की समीक्षा बैठक ली

---

### विवि की जारी है वार्षिक परीक्षा

# उड़नदस्ता की टीम ने पकड़े 48 नकल प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की वार्षिक परीक्षा 2024-25 विभिन्न महाविद्यालयों में जारी हैं। जिसमें नकल प्रकरणों के रोकथाम एवं परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दो उड़नदस्ता टीम की गठन किया गया हैं। जिसमें खेल संचालक डा. दिनेश कुमार नामदेव, डा. नरेशधर दिवान क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, जामगांव-आर, अमरिक सिंह पूर्व क्रीड़ाधिकारी, डा. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, डा. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3, डा. अल्का मिश्रा सहायक प्रोफेसर, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग हैं। डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय उड़नदस्ता टीम ने लगातार निरीक्षण कर रहे है। जिसमें अभीतक नकल प्रकरणों में शासकीय आचार्य पंथ गृथमुनी नामसाहेब महाविद्यालय कवर्धा में 5, शासकीय विश्वनाथ तामस्कर यादव महाविद्यालय दुर्ग 5, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में 3, शासकीय महाविद्यालय साजा में 3, भिलाई महिला महाविद्यालय में 03, शासकीय रश्मिदेवी महाविद्यालय खैरागढ़ में 3, शासकीय जवाहर लाल नेहरू पीजी महाविद्याल बेमेतरा 2 शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में 02 श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 2 सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग 2, शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा में 2, सेजम माडल कालेज सोमनी में 2, शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चैकी में 2, शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में 2 तथा विभिन्न महाविद्यालयों में 01-01 नकल पकड़ा गया। इस प्रकार कुल 48 नकल प्रकरण बनाया गया। विश्वविद्यालय उड़नदस्ता समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र में विषय से संबंधित उत्तर लिखे हुए मिले, बोर्ड में पेसिंल से लिखे मिले, रूमाल में संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले, हथेली में प्रश्न से संबंधित उत्तर लिखे मिले, पुराने प्रश्न पत्र के अंदर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले व जेब में पर्ची तथा मोबाईल से भी नकल करते पाया गया। उड़नदस्ता समिति द्वारा परीक्षार्थियों को नकल प्रकरण के संबंध में समझाईस भी दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय उड़नदस्ता समिति द्वारा आगे भी विभिन्न महाविद्यालयों की निरीक्षण जारी रहेगें।

- अचानक टीम की दस्तक से मची रही खलबली

# वार्ड 32 में टंकी निर्माण करने अनुमति मांगी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा वार्ड क्रमांक 32 स्थित टंकी निर्माण कार्य किये जाना प्रस्तावित है। आज महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत-यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर के साथ निरीक्षण कर लोगो से रूबरू होते हुए कहा कि, बनिया पारा क्षेत्र में पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। नई पानी टंकी निर्माण होने से बनिया पारा सहित अन्य वार्ड क्षेत्र के निवासियों को भरपूर पानी मिलेगा। निरीक्षण के बाद शाला भवन में नई पानी टंकी को लेकर अनुमति के लिए एवं कार्य प्रारंभ करने सहित अनापत्ति प्रदान के लिए आज शाम को महापौर अलका बाघमार द्वारा कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर चर्चा करते हुए आग्रह किया। महापौर ने बताया कि शिक्षक नगर पुराने पानी टंकी के स्थान पर 1500 (केएल) का उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कर प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि, पूर्व में विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा के परिसर में ही नई पानी टंकी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, जितेंद्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।

# झपटमारी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** युवती से मोबाइल की झपटमारी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की है। घटना में प्रयुक्त मोपेड भी जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया 2 अप्रैल को सुबह 8.30 हाथ में मोबाइल को पकड़कर अपनी सहेली के साथ कोचिंग से छूटकर गौरव पथ रोड पर पैदल जा रही थी, तभी ऊर्जा पार्क के आगे पहुंची थी कि 2 अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा काला रंग से आकर पीछे से प्रार्थिया के हाथ में रखे विवो कंपनी के मोबाइल को झपटमारी कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी की पता तलाश हेतु थाना स्तर में टीम गठित कर घटनास्थल के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया तथा संदेह के आधार पर मनीष पटेल निवासी ग्राम बिरेझर एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी मनीष पटेल के कब्जे से झपटमारी किए एक नग विवो कंपनी का मोबाइल तथा विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त कर आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### जलकार्य विभाग प्रभारी लीना देवांगन ने संभाला पदभार, आते ही जारी किया आदेश

# शहर में 20 लाख खर्च कर दूर करेंगे लीकेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जल विभाग के प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि, शहर में पाइपलाइन लिंकेज की लगातार समस्या आने की शिकायत के बाद राज्य शासन को बीस लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा गया हैं। राशि मिलने के बाद शहर में पाइप लाइन में लिकेज की समस्या दूर हो जाएगी।जल विभाग के प्रभारी ने बताया कि, शहर में बोरसी के विराटनगर, पोटिया, शक्तिनगर के अलावा अन्य क्षेत्र में पेयजल पाईप लाईन में लीकेज की शिकायत मिली है। इन लीकेजों के संधारण के लिए 20 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। लीकेज का संधारण एक साथ किया जाएगा। जिसके लिए शटडाउन भी करना पड़ेगा। श्रीमती देवांगन ने बताया कि, पेयजल संकट के समाधान के लिए शहर के कुछ स्थानों पर नई पानी टंकी निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से एक शिक्षक नगर में नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए शासकीय प्रक्रिया जारी है। शिक्षक नगर क्षेत्र में नई पानी टंकी निर्माण से आसपास के वार्डों में पेयजल संकट का समाधान हो जाएगा। इसके अलावा उन्होने मिलपारा में निर्मित नई पानी टंकी से पेयजल सप्लाई नहीं होने पर कहा कि, पानी टंकी से लीकेज की शिकायत मिली है। अगर संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरती है, तो इसकी जांच करवाई जाएगी। जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा है कि, जलकार्य विभाग द्वारा पेयजल संकट से निपटने वृहद् योजना तैयार की जा रही है। जिससे अब शहर में पेयजल संकट को लेकर मटका फोड़ने की नौबत नहीं आएगी।

#### किस्तों में लिए जाएंगे जलकर की राशि

जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अमृत मिशन योजना के नाम पर तीन-तीन वर्ष का एक साथ टैक्स लेने की शिकायत मिली है। ऐसी शिकायतों की जांच करवाई जाएगी और करदाताओं पर बोझ न हो इसके लिए उनसे किस्तों में राशि ली जाएगी। पदभार ग्रहण करने उपरांत जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन को एमआईसी सदस्य मनीष साहू, शशि साहू, पार्षद संजय अग्रवाल, अब्दुल खालिक, कुलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, मनोज सोनी, साजन जोसेफ गुलशन साहू, हिरौंदी चंदानिया, गुलाब वर्मा, मनीष कुमार कोठारी, पूर्व पार्षद शिवेन्द्र परिहार के अलावा भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

#### जलघर से संचालित होगें विभाग के कार्य

नगर निगम की जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन द्वारा गुरुवार को बस स्टैण्ड स्थित जलगृह विभाग के अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदभार संभाला गया। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे लीलाधर पाल, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, भाजपा नेता अजय तिवारी विशेष रुप से मौजूद रहे। नगर निगम के 12 में से 11 एमआईसी सदस्यों द्वारा 1 अप्रैल को ही पदभार ग्रहण कर लिया गया था।

## खबर संक्षेप



### डोंगरे को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** नगर सेवा विभाग अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग के चार्जमेन सुनील कुमार डोंगरे को फरवरी माह के कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 2.5 मिलियन चौक के पास सेंट्रल एवेन्यू रोड में 30 एम एल डी सीवरेज पाइपलाइन के लगभग 40 मी लंबाई की पाइपलाइन को बिना सड़क खोदे बदले जाने वाले विशेष कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक डीसी सिंह ,सहायक महाप्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद भोंडेकर, प्रबंधक आर के सिंह,उपप्रबंधक मनोज सिंह सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

### राजहरा माइंस अस्पताल में हुआ स्वास्थ्य शिविर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर चिकित्सक डां. चंदन दास (कार्डियोलॉजी),पी मर्सी (त्वचा रोग), तनुजा आनंद (दर्द प्रबंधन क्लिनिक), चित्रा सुनोव (नेत्र रोग), इमैनुएल मैसी (हड्डी रोग), कौशिक किशोर (बाल रोग), पराग गुप्ता (सर्जरी) हिमानी गुप्ता (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ श्वेता वर्मा (ईएनटी), सुरजा जयाप्रसाद (आहार विशेषज्ञ) आदि ने सेवाएं प्रदान की।

### नवोदय स्कूल में 5 बच्चों का चयन

**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला ढौर-1 में लगातार 10 वर्षों से बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हो रहा है। प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु कुल 5 बच्चों का चयन हुआ है।चयन का पता चलते ही शिक्षक, बच्चे व पालको में खुशी की लहर है। बता दें कि गांव के बच्चों के चयन के लिए शिक्षक रिखी राम पारकर हर दिन दो घंटे अलग से पढ़ा रहे हैं, ताकि बच्चों का चयन हो सके। इस अवसर पर हर साल औसतन पांच बच्चों का चयन हो रहा है। पिछले दस वर्षों से यह क्रम चल रहा है। शिक्षक चेलेन्द्र साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राथमिक शाला ढौर के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार देवांगन ने बताया कि पारकर सेना में रहकर अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे को कायम रखने के लिए सेवा दी। इसके बाद शिक्षा विभाग में वे वर्ष 2015 से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की अपने व आसपास के गांवों के छात्रों को शाला के समय से अतिरिक्त समय 2 घण्टे निकालकर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क विशेष कोचिंग दे रहे हैं। छात्रों का साप्ताहिक टेस्ट लेते हैं।

# वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ, जल संरक्षण के प्रति जागरूक हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में डब्लूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/2 हरदास नाला परियोजना के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के दौरान माइक्रो वाटरशेड समिति सूखताल के आश्रित ग्राम समुंदवारा एवं माइक्रो वाटरशेड समिति ओड़िया के आश्रित ग्राम बनियाडीह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ग्रामीणों को जल संचयन के महत्व को समझाना था। वाटरशेड यात्रा के अंतर्गत दीवार लेखन, शोभा यात्रा, अमृत सरोवर तालाब में श्रमदान, वृक्षारोपण, पानी की पाठशाला, रंगोली प्रतियोगिता, जसगीत एवं सुवा नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम समुंदवारा में चेक डेम निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।विशेषज्ञों ने जल संरक्षण का महत्व बताया ओर जल संकट से बचने के उपायों पर चर्चा की और ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई। भारत सरकार द्वारा वाटरशेड यात्रा के लिए तैयार विशेष वैन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर जल संरक्षण से संबंधित उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संचयन की आधुनिक और पारंपरिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

## जसगीत एवं सुवा नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ आयोजन




### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, उत्कृष्ट किसानों और सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और वे जल बचाने की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित हुए। वाटरशेड यात्रा जिले में जल संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## सुविधा : पांच ग्रामों के 1200 से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति

# साजा के नवागांव कला में 2.26 करोड़ की लागत से नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संचारण-संधारण संभाग साजा के अंतर्गत ग्राम नवागांव कला में 2 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से नया 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया गया। इस 5 एमवीए क्षमता के उपकेंद्र को 30 मार्च 2025 को ऊर्जीकृत कर उपभोक्ताओं की सेवा में समर्पित किया गया।

इससे पांच ग्रामों नवागांव कला, जेवरा, मटिया, धरकपुर एवं कांपा के लगभग 1214 उपभोक्ताओं एवं किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि कंपनी सभी उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। पूर्व में इन पाँचों ग्रामों की बिजली आपूर्ति 33/11 के.व्ही. खम्हरिया विद्युत उपकेंद्र से उमरांव नगर बस्ती फीडर एवं उमरांव नगर पंप फीडर से होती थी, लेकिन अधिक लोड और लंबी दूरी के कारण उपभोक्ताओं को असुविधा होती थी। गर्मी के मौसम में किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बस्ती और पंप फीडर को अलग किया गया, जिससे उन्हें पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली मिलेगी।



### खम्हरिया उपकेंद्र पर लोड में कमी

इस नए उपकेंद्र के चालू होने से खम्हरिया उपकेंद्र पर लोड कम हो गया है, जिससे फीडरों की लंबाई एवं लोड संतुलित होने से बिजली की आपूर्ति और भी सुचारू होगी। छोटे फीडरों के कारण विद्युत विभाग के कर्मचारियों को फॉल्ट खोजने एवं मरम्मत करने में भी आसानी होगी। मुख्य अभियंता खंडेलवाल ने निर्धारित समय में इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता मनीष शुक्ला, मोहम्मद जलालुद्दीन एवं पी.के. पलसोकर सहित पूरी टीम को बधाई दी।

### किसानों को मिलेगी निर्बाध बिजली

नए विद्युत उपकेंद्र के संचालन से ग्रामीण उपभोक्ताओं और किसानों को अब निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे उनकी कृषि और घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति आसान होगी।

### नवागांव कला उपकेंद्र में तीन नए फीडर बनाए गए

11 केव्ही नवागांव कला बस्ती फीडर- 21 किलोमीटर लंबी इस लाइन से नवागांव कला, जेवरा एवं मटिया के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। नवागांव कला पंप फीडर -13 किलोमीटर लंबी इस लाइन से नवागांव कला, जेवरा एवं मटिया के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी। धरकपुर पंप फीडर - 9 किलोमीटर लंबी इस लाइन से धरकपुर एवं कांपा के किसानों को लाभ मिलेगा।

# भिलाई तीन के सब स्टेशन यार्ड में आगजनी का डेमो, दिए गए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सब स्टेशन भिलाई तीन में अग्निशमन टीम द्वारा आगजनी को लेकर डेमो दिया। इस दौरान सब स्टेशन ट्रांसफॉर्मर यार्ड में आग लगाकर अपनी क्षमताओं का डेमो पेश किया। टीम के कर्मियों ने अपने अनुभव और तकनीक का प्रदर्शन कर मानक समय में आग पर काबू पा लिया। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक गुरुवार को ट्रांसफॉर्मर, मीटर यार्ड, ट्रांसफॉर्मर के ऑयल पर आग लगाकर उसे बुझाने का डेमो प्रदर्शन किया गया। बिजली कंपनी कंपनी के इंजीनियर अखिलेश गजपाल ने डेमो प्रदर्शन की बारीकियों को देखा और उसे निखारने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को अग्निशमन प्रशिक्षण डेमो के जरिए बिजली कंपनी में किस तरह से आग कंट्रोल किया जाता है, इसके बारे में भी बताया गया।

- मानक पर बुझाई गई आग
- अग्मिशमन कर्मियों ने साझा किए अनुभव

डेमो प्रदर्शन में खुद शामिल होकर आग बुझाने का तरीका और काम करने की बारीकियों को सांझा किया। एसडीआरएफ फायर के जवानों को निर्देश दिए हैं कि उन्हें किसी रेस्क्यू से पहले किन सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए। रेस्क्यू के दौरान किसी तरह से अपनी सुरक्षा करते हुए कम समय में बिना बड़ी क्षति के टास्क को पूरा करना चाहिए। टीम ने पिछले दिनों बिजली कंपनी दुर्ग, रायपुर और रायगढ़ में बड़ी आग लगी थी। उसमें काफी बड़ा नुकसान हुआ था। यहां भी उसी तरह की आग का अगर सामना करना पड़े तो अग्निशमन कर्मियों को या बिजली विभाग के लोगों को किस तरह आग बुझाना चाहिए।

# बीएसपी की विस्तार परियोजना में लेटलतीफी का चौतरफा पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तार और आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी परियोजना में लेटलतीफी बीएसपी सहित सेल को भारी पड़ सकती है। प्रोजेक्ट की अवधि बढ़ने से सेल के आगामी 31 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य पिछड़ने सहित चौतरफा नुकसान होगा। कम होते मेन पावर से चिंतित यूनियनें इसके जल्द शुरु किए जाने की मांग कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि 65 साल पुराने हो चुके भिलाई इस्पात संयंत्र का दो चरणों में विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण किया जाना है। पांच से सात मिलियन टन इस्पात उत्पादन के क्षमता के लिए प्रथम चरण का प्रोजेक्ट वर्ष 2017-18 में पूर्ण हुआ था। इसके बाद जल्द सात से बारह मिलियन टन के लिए दूसरा फेस शुरु किया जाना था। लेकिन तीन साल बाद भी इस प्रोजेक्ट का काम शुरु नहीं हो सका है। प्रथम फेस की तरह दूसरे चरण के प्रोजेक्ट के भी लेट होने से बीएसपी और सेल सभी क्षेत्रों में दूरगामी असर पड़ेगा। प्रबंधन द्वारा अब तक विलंब की अधिकृत वजह नहीं बताई गई है लेकिन सेल व यूनियनों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक लेटलतीफी के कई कारण और दुष्प्रभाव बताए जा रहे हैं। प्रोजेक्ट में देरी की प्रमुख वजह लैंड, बजट,कम होता अनुभवी मेन पावर, आयरन ओर, विश्व बाजार में स्टील खपत की कमी और सेल प्रबंधन की सुस्ती आदि बताई जा रही है। प्रोजेक्ट शुरु करने पर्याप्त जमीन के लिए प्लांट के अंदर पुराने स्ट्रक्चरों को ढहाने की गति धीमी है। मंदी की आहट से बाजार में इस्पात की खपत कम हो रही है, जिसके चलते चायना ने भी अपना उत्पादन का ग्राफ गिरा दिया है। फिर प्रोजेक्ट से जुड़े अनुभवी टेक्नोक्रेट व विशेषज्ञ मेन पावर भी कम रहा है। एक अन्य वजह आयरन ओर की किल्लत यानी रावघाट परियोजना में विलंब बताया जा रहा है। रेलवे ट्रैक के आगे का काम रुका हुआ है। गौरतलब हो कि 15 साल पूर्व इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में साढ़े 17 हजार करोड़ टन का पिछला प्रोजेक्ट भी 5 साल लेट था। पीएमओ की पहल पर पूर्ण हुआ था।

बीएसपी के नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट में विलंब होने से बीएसी व सेल सहित चौतरफा असर पड़ेगा। यूनियनों के मुताबिक प्रोजेक्ट की लागत बढ़ रही है,जिससे पिछली बार की तरह आगे कर्मियों की वित्तीय सुविधाओं में कटौती हो सकती है।

### 15.21 करोड़ मिला, निगम कर्मचारियों ने माना छत्तीसगढ़ शासन का आभार

**भिलाई।** नगर निगम का छत्तीसगढ़ शासन से बहुत दिनों से बहुत दिनों से लंबित मांग थी, कि नगर निगम भिलाई के संचित निधि एवं फ्रीहोल्ड की राशि भिलाई को वापस किया जाए। शासन द्वारा 10 करोड़ 50 लाख 36 हजार रुपए संचित निधि का एवं फ्री होल्ड की राशि 4 करोड़ 36 लाख 38000 प्राप्त हुए। पूर्व के आयुक्त एवं वर्तमान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन से बार-बार पत्राचार के माध्यम से निवेदन किया जा रहा था। भारसाधक उपमुख्यमंत्री के अनुमोदन से राशि नगर निगम भिलाई को प्राप्त हुआ। इसीलिए नगर निगम के आधिकारी कर्मचारियों में बहुत खुशी व्याप्त है। इसके लिए कर्मचारी संघ के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साव, भारसाधक उप उपमुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद दिया। उपादान भुगतान रिटायर्ड कर्मचारियों को किया जाएगा जो 2018 से लंबित था। इस मौके पर राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, लेखा अधिकारी सी. बी. साहू, अभियंता सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोसेंद्र साहू, हृदय राम कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व पखवाड़ाः राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण, तीन चरणों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले के ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में होगा, पहला चरण 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आयोजित होगा। दूसरा चरण 13 से 27 मई तक और तीसरा और अंतिम चरण से 16 जून 30 जून 2025 तक आयोजित होगा।

- 7 अप्रैल से 21 तक चलेगा पखवाड़े का प्रथम चरण

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एंव आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए है । कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिले में पहले चरण में 07 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़े की कार्योजना बनाकर तिथि और स्थान की सूची जारी कर दी है ।

7 अप्रैल को राजस्व पखवाड़ा शिविर बेमेतरा के ग्राम खिलौरा लगेगा। इसमें पटवारी हल्का रजकुडी, खिलोरा, गांगपुर, निनवा के ग्रामीण अपनी राजस्व संबंधी समस्या का समाधान कर सकते है। इसी प्रकार तहसील बेमेतरा ग्रामीण–पटवारी हल्का राजकुड़ी, खिलौरा, गांगपुर, निनवा–शिविर स्थल खिलौरा, तहसील बेरला–पटवारी हल्का जमघट, तेलगा, बारगांव, देवरी–शिविर स्थल बारगांव रहेगा। तहसील भिम्भोरी–पटवारी हल्का हसदा, पिरदा–शिविर हसदा में आयोजित होगा। इसी प्रकार 7 अप्रैल को ही राजस्व पखवाड़ा तहसील थानखम्हरिया–पटवारी हल्का ठेलका, बेलगांव, भनौरा–शिविर ठेलका में होगा। वही तहसील साजा–पटवारी हल्का घोंटवानी, बीजा–शिविर बीजा में, तहसील दाढ़ी–पटवारी हल्का पठोंतिया, छिरहा–शिविर छिरहा में, तहसील देवकर–पटवारी हल्का अकलवारा, देवकर–शिविर देवकर में आयोजित होगा । इसी तरह राजस्व पखवाड़ा शिविर 7 अप्रैल को तहसील नवागढ़–पटवारी हल्का झाल, गडामोर, मुरता, मोहतारा–शिविर झाल में और तहसील नांदघाट (मारो क्षेत्र)–पटवारी हल्का पुटपुरा, परसदा, शिविर मारो में आयोजित होगा । राजस्व पखवाड़ा शिविर में मिलेगी त्वरित होगा समस्याओं का समाधान इन शिविरों में लोगों को भू-अभिलेख संबंधी दस्तावेज, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही करना है, जिससे उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े।

### कलेक्टर ने आमजन से की अपील

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे राजस्व पखवाड़े के तहत अपने नजदीकी शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करें। यह शिविर विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए लाभदायक साबित होंगे जो लंबे समय से अपने राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण के लिए इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन की यह पहल जिलेवासियों को सहज, सरल और त्वरित समाधान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी हुई गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई महिला समाज अध्यक्ष भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी ( 2025 से 27) का गठन किया गया। भिलाई निवास के बहुउद्देशीयय सभागार में आयोजित अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता व उपाध्यक्ष आशा रानी की अध्यक्षता में आमसभा में महिला समाज की नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक शिखा दुबे सहित सभी 10 क्लबों की सचिव, सदस्य, एसोसिएट सदस्य एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में कार्यकारिणी समिति के नई सदस्यों की घोषणा की गई। सचिव सोनाली रथ, संयुक्त सचिव दीपन्विता पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन व सह-कोषाध्यक्ष पूनम प्रियदर्शी बनाई गई हैं। समाज की उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय व अतिरिक्त उपाध्यक्ष मौली चक्रवर्ती, आशा रानी, स्मिता गिरी, पूनम कुमार, रेणुका रंगनाथन हैं। अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता, अध्यक्ष ने कार्यकारिणी समिति के नए सदस्यों को बधाई दी है। 10 अतिरिक्त सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई, जो भिलाई महिला समाज की विभिन्न इकाइयों का नेतृत्व करेंगी।

## पेज 9 का शेष

### नदी- तालाबो के ...

से मोटर पम्प लगाकर पानी खींचकर उसका निजी उपयोग में दोहन किया जा रहा है। देखा जाए तो ज़िले के अन्नदाता किसान जलसंकट व संरक्षण के प्रति जागरूकता के अभाव में गर्मी के दिनो में धान की दूसरी अथवा दोहरी फसल लेने के लिए एवं अवैध ईट भट्ठों व अन्य व्यवसायिक कार्यो के लिए भी बड़ी मात्रा में मोटर पम्प के द्वारा पानी की बर्बादी की जा रही है। जिस पर शासन-प्रशासन को गम्भीरतापूर्वक ध्यान देने की जरूरत है। ताकि गर्मी के भीषण दौर में जिलेवासियों को जलसंकट की समस्या का सामना ना करना पड़े।

**यहां हो रही पानी की चोरीः** वर्तमान में बेमेतरा ज़िले के बेरला ब्लॉक के शिवनाथ तटवर्ती ग्राम कुम्हिगुड़ा, भाठासोरही, परपोड़ा, सिवार, रेवे, भरचट्टी, मंगलौर, सलधा, अमोरा, सहित बेमेतरा व नवागढ़ ब्लॉक के करीब दो दर्जन गांवों में मोटरपंप के सहारे नदी के पानी को दोहन कर जलस्तर को तेजी से घटाया जा रहा है।

# गैर संकार्य विभाग के कार्मिक, कर्म शिरोमणि से सम्मानित

**भिलाई।** इस्पात भवन सभागार में आयोजित कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, प्रमोद कुमार चोखानी व पी सुब्बा राव द्वारा गैर संकार्य विभागों के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गैर संकार्य क्षेत्र से बलराम शुक्ला, तकनीकी एसोसिएट नगर सेवाएं, के शशिधरन नायर, सेक्शन एसोसिएट वित्त एवं लेखा, लता एस पिल्लै, अनुभाग अधिकारी मार्केटिंग एण्ड बीपी, अफ़जल खान अनुभाग अधिकारी, नरेन्द्र कुमार चन्द्राकर सेक्शन एसोसिएट, ओंकर प्रसाद कौमिक, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (नगर सेवाएं) सुनील कुमार डोंगरे, इंजीनियरिंग एसोसिएट (नगर सेवाएं), विजय बहादुर, सेक्शन एसोसिएट नगर सेवाएं व रजनीबाला कश्यप को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिपं में अनिल बने स्वास्थ्य और वन विभाग के सभापति



साजा। बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर चुनाव जीते अनिल वर्मा को जिला पंचायत में स्वास्थ्य, वन विभाग का सभापति बनाया गया है। उनके सभापति बनने पर निर्वाचन क्षेत्र में लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

### शिवम ने निरहुआ से की मुलाकात



**बेमेतरा।** भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार, पूर्व सांसद भाजपा, दिनेश लाल यादव निरहुआ से बेमेतरा के जनसेवक भाजपा नेता शिवम् तिवारी ने मुलाकता की। साथ ही लम्बी चर्चा के साथ बेमेतरा जिला में आगमन एवं कार्यक्रम के समंध में अहम चर्चा की। वहीं उन्होंने जल्द ही कार्यक्रम में आने की हामी भरी।

### शिव मंदिर में भंडारा प्रसाद किया वितरित



**बेमेतरा।** प्रत्येक नवरात्रि की तरह वार्ड नंबर 02 शिव मंदिर में सप्तमी के दिन समिति द्वारा माता का भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमें नगर एवं राहगीरों द्वारा भंडारा में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर में मां काली की विशाल प्रतिमा है जिसका दर्शन करने दूर- दूर से श्रद्धालु आते हैं व नवरात्रि में दोनों पर्व पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाता है। इस नवरात्रि में 36 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है समस्त जानकारी समिति के सदस्य नेमसिंह (प्रेम) वर्मा ने दी।

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती 8 को

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी में तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव 8 अप्रैल को मनाया जाएगा। मां कर्मा सामुदायिक भवन अछोली में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी।






# पंचायत सचिवों की होगी जिला मुख्यालय में महारैली 7 को

**मांग**

**शासकीयकरण की मांग को लेकर जारी है सचिवों की हड़ताल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ प्रांतीय आह्वान से विगत 17 मार्च से अनिश्चित कालीन आंदोलन चल रहा है। पंचायत सचिवों का एक ही मांग है मोदी की गारंटी प्रदेश के पंचायत सचिवों का शासकीकरण के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन को धार देते हुए संघ 7 अप्रैल को जिला मुख्यालय में महारैली निकलेगा।

- आगे के आंदोलन के लिए बनाई गई रणनीति

सचिव संघ ने कहा कि सचिव दिवस 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर में महासम्मेलन हुआ था। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, पंचायत मंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, विधानसभा चुनाव हेतु घोषणा पत्र मोदी की गारंटी निर्माण समिति के संयोजक विजय बघेल के आतिथ्य में प्रदेश के 33 जिला 146 ब्लॉक 10947 पंचायत सचिवों के उपस्थिति में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया। मुख्यमंत्री ने सम्मिलन में घोषणा किया कि पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने के लिए घोषणा करने की आवश्यकता नहीं हैं। उन्होंने प्रशासनिक रूप से इसके लिए समिति गठन करते हुए समिति 30 दिनों में रिपोर्ट सौंपेने की बात कही थी। परन्तु विगत सात माह से समिति के रिपोर्ट का पता नहीं । प्रांतीय स्तर से मंत्रालय में डेलिकेशन किया गया।

इसके बावजूद किसी भी प्रकार से कोई जानकारी नहीं मिली। मुख्य मंत्री, पंचायत मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, संचालक को पत्र के माध्यम से पंचायत सचिवों को शासकीकरण के संबंध में अवगत किया गया। लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

प्रदेश के पंचायत सचिवों को उम्मीद था कि बजट सत्र में मोदी की गारंटी के अंतर्गत पंचायत सचिवों को शासकीकरण का सौगात देगे, लेकिन नहीं मिली। पंचायत मंत्री द्वारा विधानसभा में विधायक के प्रश्नों के उत्तर में स्पष्ट बोलना पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए जो समिति बना है उसका रिपोर्ट नहीं आई है। इस कारण से शासकीयकरण के लिए कोई समय सीमा नहीं बता सकते।



### जनपद पंचायत मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कल से

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 अप्रैल प्रदेश के 146 जनपद पंचायत मुख्यालय में धरना प्रदर्शन, 7 अप्रैल को प्रदेश के 33 जिला मुख्यालय रैली कर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी माँग पूरा नही होगे तो 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक पुनः जनपद पंचायत मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 11 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल को धरना स्थल में रामायण पाठ, 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल, 14 अप्रैल को धरना स्थल में संविधान दिवस संगोष्ठी, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक क्रमिक भूख हड़ताल के साथ धरना स्थल पर राज्य शासन को सद्बुद्धि हेतु यज्ञ पूजा। इसके बाद भी माँग पूरा नहीं किया गया तो 20 अप्रैल से प्रदेश के सभी सचिव दिल्ली रवाना होगे। वही 21 अप्रैल को जंतर-मंतर दिल्ली में प्रदेश किया जाएगा।

# मां महामायाधाम बुचीपुर में पहुंचे विधायक दीपेश ने पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर जिले के प्रसिद्ध मंदिर श्रीसिद्ध शक्तिपीठ मां महामायाधाम बुचीपुर पहुंचे। विधायक ने मां महामाया के दर्शन, पूजा- अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ सप्ताह में व्यास पीठ पंडित राम कृष्णा शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने विधायक को मातारानी की चुनरी ओड़ाकर स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात विधायक साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ भोज भंडारा पहुंचे और प्रसाद प्राप्त किया।

**ये भी रहे उपस्थित :** इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, संध्या परगनिया, हर्ष वर्धन तिवारी ,पार्षद नीतू कोठारी, पार्षद विकाश तम्बोली, पार्षद गौरव साहू, राजेश शर्मा, विकाश घरडे, सरपंच परमेश्वर साहू, दीनानाथ साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पूर्व सरपंच भुवनलाल वर्मा, तोषु राम साहू, सचिव तुकाराम निषाद, मंशा राम साहू भूपेंद्र साहू सोनसाय वर्मा, मूलचंद साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# असफलता से सीखें और आगे बढ़े : मोनिका

हरिभूमि न्यूज:देवकर



नगर के पीएम श्री सेजेस के 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स प्रोफेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल अनिल कुमार डहाले के मार्गदर्शन में कॉमर्स लेक्चर अंकिता देशमुख एवं ज्योत्सना लकड़ा के नेतृत्व में विद्यार्थियों को सीए, सीएमए और सीएस बनने और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें रायपुर से विशेष रूप से आमंत्रित सीए मोनिका ,आकाश, करन सी एम ए आशीष की टीम ने मार्गदर्शन दिया। मोनिका ने बताया कि उन्होंने मोटिवेशनल तत्वों के सहारे एक ही बार में सीए की परीक्षा पास कर ली। उन्होंने कहा कि असफल होने पर भी निराश नहीं होना चाहिए और असफलता को सफलता में परिवर्तित करने के लिए मेहनत का ही अस्त्र इस्तेमाल करना चाहिए। असफलता से नॉलेज और सीखने की प्रवृत्ति बढ़ती है। सीएमए आशीष ने बताया कि उद्योगों में कॉस्ट अकाउंटिंग मैनेजमेंट का भी कार्य होता है जिसके लिए सीएमए की आवश्यकता पड़ती है, इसके द्वारा उद्योगों की लागत एवं उससे संबंधित विवरण का आकलन किया जाता है।

- पीएमश्री सेजेस देवकर में हुआ कॉमर्स प्रोफेशनल वर्कशॉप

**कंपनी और उद्योग में सीएस की भूमिका महत्वपूर्ण :** सीएस आकाश ने बताया कि किसी भी कंपनी और उद्योग में सीएस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उनके द्वारा कंपनी या उद्योगों में नियम अधिनियम एवं सैद्धांतिक अनुशासन तय किए जाते हैं। वे नीति निर्धारक माने जाते हैं। सीए करण ने विभिन्न कंपनियों एवं उद्योगों में ऑडिटिंग की उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस कार्यशाला का उद्देश्य कॉमर्स विद्यार्थियों को सीए बनने के लिए प्रेरित करना रहा भविष्य में ऐसे विभिन्न विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिससे देवकर के विद्यार्थियों को अपने करियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हो।इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक योगेश साहू ,व्याख्याता अंजू वर्मा, अक्षिता दुबे ,चेतना भारती एवं चंद्रप्रभा साहू उपस्थित थी।

# नई दिल्ली सम्मेलन में शामिल हुए आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में चल रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने संबोधित किया।

इस सम्मेलन में जिला अध्यक्षों को संपूर्ण भारत में अपने-अपने जिलों में कांग्रेस को पुनर्संगठित करने तथा कांग्रेस के रीति नीति से लोगों को अवगत कराने संबंधी गुर सिखाए गए सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है तथा वह इस पार्टी की रीड की हड्डी है इसलिए हमें अपने कार्यकर्ताओं पर सर्वाधिक भरोसा करना है तो कार्यकर्ताओं को पार्टी की भावनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें जनता से जोड़ना है आज के समय में पूरा देश कांग्रेस की ओर निगाहें लगाए बैठा है देश में जिस तरह अराजक तत्वों ने कब्जा कर लिया है हिंदू मुस्लिम करके देश को बांटा जा रहा है चारों ओर नफरत के बीज बोया जा रहे हैं ऐसे में कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है जो देश में अमन भाईचारा तथा देश को खुशहाली की ओर ले जा सकती है कार्यक्रम में शामिल होने गए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट से भी सौजन्य मुलाकात की तथा उन्हें बेमेतरा जिले में कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराया।

# डीईओ व नोडल अधिकारी ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शुक्रवार जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे व बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले का बेरला विकासखण्ड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले शासकीय हाई स्कूल देवरी का निरीक्षण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़गिरी चल रहे परीक्षा का भी निरीक्षण किया। वहां गृहविज्ञान विषय में कुल दर्ज 31 में से 31 परीक्षार्थी उपस्थित थे। कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहे। ओपन बोर्ड परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहाँ गृहविज्ञान विषय में कुल दर्ज 53 में से 47 परीक्षार्थी उपस्थित रहे व 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया व किसी भी प्रकार का कोई नकल प्रकरण नहीं मिला। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी एसपी कोशले सहित सभी अधिकारी बीआरसी कार्यालय बेरला पहुँचे तथा केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं तथा कक्षा आठवीं के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य हेतु बेरला विकासखण्ड की उत्तरपुस्तिकाओं को अन्य विकास खंड साजा में पहुंचाने के उद्देश्य से स्वयं उपस्थित होकर मूल्यांकन कार्य हेतु वितरण किया। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने की कार्रवाई पूरी की।

- डीईओ ने पांचवी आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए किया रवाना
- इस बार मूल्यांकन के लिए दूसरे विकासखंड भेजी जा रही है

### मूल्यांकन को गंभीरता पूर्वक लें: डीईओ

वहीं बेमेतरा विकासखण्ड की उत्तर पुस्तिका को नवागढ़ व नवागढ़ की उत्तरपुस्तिका को बेमेतरा विकासखण्ड भेजने की कार्रवाई की गई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन कार्य को सभी को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है। इस अवसर पर बीआरसी बेमेतरा राजेन्द्र कुमार साहू, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, सोनलाल चंद्राकर, धनीराम बंजारे सीएसी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### उप सभापति पर महादेव पैनल चलाने का आरोप युवक के साथ मारपीट

**भिलाई।** नगर पालिक निगम के कांग्रेस पार्षद और उप-सभापति मन्नान खान पर महादेव सट्टा पैनल चलाने का आरोप लगा है। आरोप लगाने वाला कैंप 2 चटाई क्वार्टर निवासी उत्तम सिंह उर्फ बॉबी है। आरोप है कि पार्षद मन्नान खान और उसका भाई मिलकर महादेव का पैनल चलाते हैं। उसने दावा यह भी किया कि उसका बैंक अकाउंट चेक करने पर यह साफ हो जाएगा कि मन्नान और उसके भाई पैनल चलाते हैं। युवक ने बताया कि उसकी मन्नान और उसके भाई जोहेब और सद्दाम के साथ अच्छी दोस्ती थी। उनका अक्सर घर के पास बाजार में उठना बैठना होता था। दो महीने पहले मन्नान ने उससे उसका बैंक अकाउंट मांगा था। उसने कहा कि कुछ पैसे मंगाना है, 2-3 दिन में वापस दे देगा। बॉबी ने आरोप लगाया कि मन्नान को अकाउंट और पासवर्ड दे दिया।










नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।